दिन– शनिवार दिनांक– 30/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ पच्चीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

————————————————————

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक दो लाख ग्यारह हजार छह सौ पचास मतदाताओं ने प्रारूप सूची पर दावा–आपत्ति दर्ज करवाई है। वहीं, राजनीतिक दलों की ओर से एक सौ सत्रह दावा–आपत्ति दर्ज करवाई गयी है। इसमें सबसे अधिक एक सौ आठ दावा–आपत्ति भाकपा–माले की ओर से जबकि नौ दावा–आपत्ति राजद की ओर से की गयी है। दस अन्य मान्यता प्राप्त दलों की ओर से किसी प्रकार की दावा–आपत्ति नहीं की गयी है। दावा–आपत्ति के लिए अब केवल तीन दिन बचे हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए ग्यारह लाख छत्तीस हजार पांच सौ पैंसठ नये आवेदन प्राप्त हुये हैं। इधर, जिला प्रशासन की ओर से सभी जिलों में मतदान केंद्रों पर तीन दिवसीय विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपलब्ध रहेंगे और मतदाताओं को दावा–आपत्ति समेत मतदाता सूची से संबंधित अन्य आवश्यक कार्यों में मदद करेंगे।

————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा आज सारण जिले के एकमा से शुरू हुयी। यात्रा में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव भी भाग ले रहे हैं। वोटर अधिकार यात्रा आज भोजपुर जाएगी, जहां वीरकुंअर सिंह स्टेडियम में सभा का आयोजन किया गया है। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, सीपीआई माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी, लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी आचार्य समेत महागठबंधन के कई नेता इस यात्रा में शामिल हैं।

————————————————————————

पड़ोसी राज्य झारखंड और उत्तर प्रदेश में बारिश के कारण प्रदेश से होकर गुजरने वाली गंगा, सोन, गंडक, बूढ़ी गंडक समेत विभिन्न नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। गंगा नदी का जलस्तर  पटना के गांधी घाट, मुंगेर, भागलपुर और कहलगांव में लगतार बढ़ा है, जबकि अन्य स्थानों पर खतरे के निशान के ऊपर बना हुआ है। वहीं, सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में लाल  निशान से करीब एक मीटर ऊपर दर्ज किया गया। बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट में उफान पर है।

————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी आने से विभिन्न स्थानों पर कम बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान खगड़िया में सबसे अधिक अंठावन मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, कटिहार, बांका और भागलपुर समेत राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में विभिन्न स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात की संभावना है, जबकि कुछ स्थानों पर तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है।

————————————————————————

राजगीर में खेली जा रही बारहवीं पुरुष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता का आज दूसरा दिन है। इस समय बांग्लादेश और चीनी ताईपे के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। एक अन्य मैच में दक्षिण कोरिया और मलेशिया के बीच भिड़ंत होगी। ताजा जानकारी मिलने तक बांग्लादेश और चीनी ताईपे की टीम एक–एक की बराबरी पर

खेल रही हैं। इससे पहले, कल खेले गए मुकाबले में मेजबान भारत की टीम ने एक रोमांचक मुकाबले में चीन को चार–तीन से पराजित कर दिया। भारतीय टीम अगले मुकाबले में कल जापान से भिड़ेगी। प्रतियोगिता में भारत, मलेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, बांग्लादेश, चीनी ताईपे और ओमान की टीमें भाग ले रही हैं।

———————————————————————

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन अब पूर्णिया की जगह अररिया के जोगबनी से किया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोगों की मांग को देखेते हुए इसकी स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंद्रह सितम्बर को अपने बिहार दौरे के दौरान पूर्णिया में आयोजित कार्यक्रम में इस ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।